# कोच की खराबी से डेढ़ घंटे रुकी रही ज्ञानगंगा

## हॉट एक्सल डिटेक्टर ने टाली बड़ी रेल दुर्घटना

नवभारत न्यूज

**सतना ,15 अप्रैल। वाराणसी से पुणे जा रही ट्रेन संख्या 22132 ज्ञानगंगा एक्सप्रेस बुधवार को सतना रेलवे स्टेशन पर करीब डेढ़ घंटे तक खड़ी रही। ट्रेन के एसी-2 कोच में तकनीकी खराबी आने के कारण यह स्थिति बनी, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 10.40 बजे जब ट्रेन सतना पहुंचने वाली थी, तभी मुख्तियारगंज रेलवे फाटक के पास लगे हॉट एक्सल डिटेक्टर ने एसी-2 कोच के एक्सल के अत्यधिक गर्म होने का संकेत दिया। यह सूचना तुरंत स्टेशन मैनेजर और रेलवे अधिकारियों तक पहुंचाई गई, जिसके बाद ट्रेन को सतना स्टेशन पर रोक लिया गया। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही तकनीकी टीम ने संबंधित कोच का निरीक्षण किया और खराबी दूर करने का प्रयास किया, लेकिन एक्सल की समस्या ठीक नहीं हो सकी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे अधिकारियों ने एसी-2 कोच को ट्रेन से अलग करने का फैसला लिया।

### यात्री दूसरे कोच में शिफ्ट

इसके बाद एसी-2 कोच में सवार सभी यात्रियों को अस्थायी रूप से अन्य एसी कोचों में शिफ्ट किया गया। यात्रियों के स्थानांतरण और कोच अलग करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ट्रेन दोपहर 12.28 बजे जबलपुर के लिए रवाना हुई।

### लापरवाही पड़ सकती थी भारी

रेलवे के तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार, हॉट एक्सल डिटेक्टर की सतर्कता से समय रहते खराबी का पता चल गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यदि एक्सल की यह खराबी नजरअंदाज हो जाती, तो ट्रेन के पटरी से उतरने की आशंका बनी रह सकती थी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जबलपुर स्टेशन पर इस ट्रेन में नया कोच जोड़ा जाएगा और इसके बाद प्रभावित यात्रियों को उनकी मूल बर्थ उपलब्ध करा दी जाएगी।

# इतिहास में शत प्रतिशत अंक लाकर जिले में प्रथम रही आराध्या

## सिविल सेवा में जाना चहती हैं, उत्कृष्ट विद्यालय सतना की हैं छात्रा

नवभारत न्यूज

**सतना 15 अप्रैल. कला संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अक्सर इस बात का मलाल रहता है कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रयास करने के बावजूद भी उन्हें गणित अथवा विज्ञान विषय के छात्रों की तरह शत प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं हो पाते हैं.**

लेकिन उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्र. 1 की कक्षा 12वीं की छात्रा आराध्या सिंह ने इतिहास जैसे विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर इस मिथक को तोड़ दिया है. इस बेहतर प्रदर्शन के चलते आराध्या ने जिले की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है.

आराध्या के पिता संतोष सिंह निजी क्षेत्र में नौकरी करते हैं और उनकी माता दीपा सिंह गृहणी हैं. अपेक्षाकृत कम आय की वजह से परिवार के सामने आर्थिक कठिनाइयां भी बनी रहती हैं.

लेकिन इसके बावजूद भी माता-पिता ने आराध्या के बेहतर भविष्य के लिए हर संभाव शिक्षा दिलाने में कोई कसर नहीं रख छोड़ी. माता-पिता के संघर्ष को आराध्या ने भी हमेशा गंभीरता से लिया और उनके सपनों को पूरा करने के लिए जो जान से मेहनत करती रही.

उत्कृष्ट विद्यालय व्यंकट क्र. 1 की दूरी आराध्या के घर से 10 किमी से भी अधिक थी. लेकिन इस तरह की बाधाओं को उसने कभी अपनी पढ़ाई में आड़े नहीं आने दिया. वहीं विद्यालय में पदस्थ इतिहास विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक मोहित गर्ग ने आराध्या की मेहनत और लगन को बखूबी समझा. जिसके चलते शिक्षक श्री गर्ग द्वारा समय समय पर न सिर्फ आराध्या के मनोबल को बढ़ाया गया बल्कि बेहतर मार्गदर्शन देते हुए उसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी गई. नतीजतन कक्षा 12 वीं की परीक्षा का परिधाम बुधवार को जब सामने आया तो आराध्या ने इतिहास विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया. इस प्रदर्शन के चलते आराध्या को जिले की मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. इतिहास विषय में शत प्रतिशत अंक लाने के साथ ही आराध्या ने हिंदी, अंग्रेजी, सामाज शास्त्र और राजनीति विज्ञान जैसे सभी विषयों में डिस्टिंक्शन मार्क्स प्राप्त किए हैं. अपनी इस सफलता से उत्साहित आराध्या का कहना है कि आगे की पढ़ाई पूरी कर वह सिविल सेवा में जाना चाहती है.

# आधी रात धधकी कागज फैक्ट्री, रद्दी से लेकर कार्टून तक सब खाक

## मटेहना इंडस्ट्रियल एरिया का मामला, 2 घंटे बाद दमकल ने पाया काबू

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 अप्रैल। मटेहना इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक कागज से कार्टून बनाने वाली फैक्ट्री में मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब एक बजे अचानक भीषण आग लग गई, जिससे फैक्ट्री में रखा रद्दी कागज, गत्ते और तैयार कार्टून समेत लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया।**

घटना के समय फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत फायर विभाग को सूचना दी और अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाडि?ां मौके पर पहुंचीं, जहां घना धुआं और आग की लपटों के कारण दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब दो घंटे के प्रयास के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

### लाखों के नुकसान का अनुमान

फैक्ट्री संचालक ओमप्रकाश आर्य के अनुसार, इस आगजनी में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो चुका है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर कोलगवां थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# पार्षद पुत्र के विरुद्ध दुष्कर्म की शिकायत, तलाश में जुटी पुलिस

## शादी के ऐन पहले प्रेमिका पहुंची थाने, प्रेम किसी से और शादी किसी और से का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 अप्रैल। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 28 जवाहर नगर से एक बेहद संवेदनशील और चर्चित मामला सामने आया है, जिसने पूरे शहर में हलचल मचा दी है। वार्ड की पार्षद सुषमा सिंह लोधी के पुत्र तरुण लोधी उर्फ मनी पर एक युवती ने दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। मामले की सबसे अहम और चौंकाने वाली बात यह है कि यह शिकायत उस समय सामने आई है जब आरोपी की शादी महज कुछ दिनों बाद तय थी और उसके घर में विवाह की तैयारियां चल रही थीं।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता और आरोपी की मुलाकात कुछ समय पहले हुई थी। शुरुआत में दोनों के बीच सामान्य बातचीत हुई, जो धीरे-धीरे गहरी होती गई और प्रेम संबंध में बदल गई। पीड़िता का आरोप है कि तरुण लोधी ने उसे अपने प्रेम में विश्वास दिलाया और बार-बार शादी करने का आश्वासन दिया। इसी भरोसे और भविष्य के सपनों के चलते दोनों के बीच

नजदीकियां बढ़ीं और आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि उसने यह रिश्ता पूरी ईमानदारी और गंभीरता से निभाया और उसे पूरा भरोसा था कि यह संबंध जल्द ही विवाह का रूप लेगा।

**आज प्रस्तावित है तिलक**- इसी बीच जानकारी सामने आई कि आरोपी का तिलकोत्सव कार्यक्रम गुरुवार को प्रस्तावित था और 20 अप्रैल को उसकी शादी होने वाली थी। खुद को ठगा और मानसिक रूप से आहत महसूस कर रही पीड़िता ने आखिरकार सिविल लाइन थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। अपनी शिकायत में उसने साफ तौर पर आरोप लगाया कि शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और उसके विश्वास का गलत फायदा उठाया गया।

### 20 अप्रैल को होनी है शादी

मामले ने उस समय गंभीर मोड़ ले लिया जब युवती को यह जानकारी मिली कि तरुण लोधी की शादी किसी अन्य युवती से तय कर दी गई है। यह खबर उसके लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं थी। उसने तत्काल आरोपी से संपर्क कर इस बारे में बात की और उसे उसके द्वारा किए गए शादी के वादों की याद दिलाई। लेकिन पीड़िता के अनुसार आरोपी ने न केवल शादी से इनकार कर दिया बल्कि धीरे-धीरे उससे दूरी बनाने लगा और बातचीत भी कम कर दी।

### पुलिस कर रही तलाश

सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरोपी तरुण सिंह लोधी पिता महिपाल सिंह लोधी निवासी जवाहर नगर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच तेजी से की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# सहायक प्रोफेसर को कोर्ट से राहत नहीं, एक दिन की जेल

सतना। सतना से अमरपाटन जाने वाली बस में एक महिला के साथ कथित छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे सहायक प्रोफेसर को आखिरकार अदालत से राहत नहीं मिली। अमरपाटन न्यायालय ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए उसे एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा में मैहर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार 23 मार्च को पीड़िता ने अमरपाटन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद विवेचना पूरी कर पुलिस ने फरारी का चालान अदालत में पेश किया था। बुधवार को आरोपी सहायक प्रोफेसर डॉ. आलोक सिन्हा अदालत में सरेंडर करने पहुंचे, लेकिन कोर्ट ने उन्हें तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया और न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। बताया गया है कि आरोपी अमरपाटन स्थित शासकीय महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष के पद पर पदस्थ हैं।


# भारतीय प्रबंध संस्थान सम्बलपुर

द्वारा

नवसर्जनम्-शुचिता-समावेशत्वम्
IIM SAMBALPUR

## चार वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा

(दूसरा बैच अगस्त/सितंबर 2026 से प्रारंभ होगा)

### डेटा साइन्स एवं एआई में विज्ञान स्नातक(बी.एस.)
**Bachelor of Science (B.S.) in Data Science & AI**

☑ आईआईटी जेईई मेन 2026 अंक और निजी साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश।

**अवधि:** पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) की अवधि के साथ, जिसमें सहज प्रवेश-निकास विकल्प उपलब्ध हैं।

**पात्रता मानदंड:**
(क) अभ्यर्थी कक्षा 12वीं/एचएससी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो या वर्तमान में कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित हो रहा हो, जिसका परिणाम जून 2026 तक अपेक्षित हो।
(ख) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में सभी विषयों में न्यूनतम 60% कुल अंक होना आवश्यक है।
(ग) अभ्यर्थी कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/ एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा और गणित विषय की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
(घ) अभ्यर्थी के पास जेईई(मेन) 2026 का वैध अंक होना आवश्यक है।

**मेरिट सूची की तैयारी:**
अंतिम मेरिट सूची जेईई(मेन) 2026 के अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

अधिक जानकारी और आवेदन समय-सारणी के लिए, कृपया www.iimsambalpur.ac.in को देखें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

**परिसर की मुख्य विशेषताएँ :**
- भारतीय प्रबंध संस्थान संबलपुर पहला संस्थान है जिसने डीएसएआई ओर एमपीपी में बीएस. पाठ्यक्रम शुरु किया हैं।
- एनआईआरएफ मैनेजमेंट रैंकिंग 2025 में 34वां स्थान।
- हाई-स्पीड इंटरनेट के साथ तकनीक-सक्षम स्मार्ट कक्षा।
- ओडिशा में आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल परिसर सहित डिजिटल बुनियादी ढांचा और वातनुकूलित छात्रावास कक्ष सुविधा।
- आर्टिफिशल इन्टेलिजन्स् (एआई)-सक्षम कक्षा में शिक्षण ।

**पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:**
1. पाठ्यक्रम नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों और शैक्षणिक अनुसंधान के अग्रिम क्षेत्रों के अनुरूप है।
2. केस अध्ययन-आधारित शिक्षण, जो वास्तविक उद्योग की समस्याओं और व्यावहारिक सीख के माध्यम से सिद्धांत और अभ्यास के बीच संबंध स्थापित करता है।
3. वास्तविक दुनिया का अनुभव लाइव परियोजना, इंटर्नशिप और उद्योग सहयोग के माध्यम से।
4. अंतिम वर्ष का शोध प्रबंध, जो एआई और डेटा-संचालित दृष्टिकोण का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समाधान करने पर केंद्रित है।
5. उद्योग-केंद्रित मॉड्यूल, जिन्हें अग्रणी तकनीकी कंपनियों और एआई विशेषज्ञों के साथ मिलकर डिज़ाइन किया गया है।
6. एनईपी 2020 के अनुरूप कई निकासी विकल्प: प्रमाणपत्र (पहला वर्ष), डिप्लोमा (दुसरा वर्ष), डिग्री (तीसरा वर्ष), ऑनर्स (चौथा वर्ष)।
7. अंतर-विषयक और कौशल-आधारित शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोर्सरा तक एकीकृत पहुंच ।

### प्रबंध एवं पब्लिक पॉलिसी में विज्ञान स्नातक (बी.एस.)
**Bachelor of Science (B.S.) in Management & Public Policy**

☑ प्रवेश आईपीएमएटी 2026 अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से।

**अवधि:** पूर्णकालिक आवासीय कार्यक्रम, 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) की अवधि के साथ, जिसमें सहज प्रवेश-निकास विकल्प उपलब्ध हैं।

**पात्रता मानदंड:**
(क) अभ्यर्थी कक्षा 12वीं/एचएससी या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, या वर्तमान में कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित हो रहा, जिसका परिणाम जून 2026 तक अपेक्षित हो।
(ख) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कक्षा 10वीं/ एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में न्यून तम 60% अंक होना आवश्यक है।
(ग) अभ्यर्थी कक्षा 10वीं/एसएससी और कक्षा 12वीं/एचएससी या समकक्ष परीक्षाओं में अंग्रेज़ी भाषा की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
(घ) अभ्यर्थी के पास आईआईएम इंदौर द्वारा आयोजित इंटिग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एप्टिट्युड टेस्ट (आईपीएमएटी) परीक्षा 2026 का वैध अंक होना आवश्यक है।

**मेरिट सूची की तैयारी:**
अंतिम मेरिट सूची आईपीएमएटी 2026 के अंक और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी।

अधिक जानकारी और आवेदन समय-सारणी के लिए, कृपया www.iimsambalpur.ac.in को देखें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

**पाठ्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:**
1. पाठ्यक्रम में विपणन, अर्थशास्त्र, वित्त, संचालन और विश्लेषण शामिल हैं, साथ ही स्थिरता और नीति में मजबूत आधार प्रदान किया गया है।
2. 170 क्रेडिट का पाठ्यक्रम, जिसमें अंतिम वर्ष में कैपस्टोन परियोजना और शोध कौशल विकास के साथ शोध प्रबंध शामिल है।
3. व्यक्तिगत कौशल विकास, जिसमें कार्यशालाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण सोच, अभिकल्प, सिमुलेशन और निजी ब्रांडिंग पर प्रशिक्षण शामिल है।
4. क्षेत्रीय इमर्शन और कॉर्पोरेट, एनजीओ, सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं और सरकारी संस्थानों के साथ सहभागिता के माध्यम से वास्तविक दुनिया का अनुभव।
5. एनईपी 2020 के अनुरूप कई निकासी विकल्प: प्रमाणपत्र (पहला वर्ष), डिप्लोमा (दुसरा वर्ष), डिग्री (तीसरा वर्ष), ऑनर्स (चौथा वर्ष)।
6. अंतर-विषयक और कौशल-आधारित शिक्षा का समर्थन करने के लिए कोर्सरा तक एकीकृत पहुंच ।

**अतिरिक्त सूचना:**
- आयु सीमा - प्रवेश के लिए अधिकतम आयु 31 जुलाई, 2026 तक 20 वर्ष है।
- ध्यान दें - अंक, आयु में छूट और आरक्षित वर्ग के लिए सीट आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगा।

**महत्वपूर्ण तिथि:**
- आवेदन प्रारंभ : दिनांक 15 अप्रैल, 2026
- आवेदन की अंतिम तिथि : दिनांक 31 मई, 2026
- व्यक्तिगत साक्षातकार : दिनांक 10 जून - 30 जून, 2026 (संभावित)
- परिणामों की घोषणा/ऑफर जारी : जूलाई, 2026 (संभावित)
- कार्यक्रम का प्रारंभ : अगस्त, 2026 (संभावित)

**भारतीय प्रबंध संस्थान संबलपुर, बसंतपुर, संबलपुर (ओड़िशा)**
संपर्क संख्या- 9078546024 / 7205726111, ईमेल आईडी- bs.admission@iimsambalpur.ac.in